वीयू – एक पौधा माँ के नाम के तहत वृक्षारोपण

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के अन्तर्गत मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा मत्स्य विज्ञान पालन प्रक्षेत्र जबलपुर में कुलपति प्रो सीता प्रसाद तिवारी जी के नेतृत्व में देशव्यापी अभियान एक पौधा माँ के नाम के अंतर्गत मत्स्य पालन प्रक्षेत्र में फलदार पौधों का पौधारोपण किया गया, कार्यक्रम के दौरान माननीय कुलपति जी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी स्मार्ट सिटी परियोजना जबलपुर श्री एस. एस. धाकड़े तथा महाविद्यालय अधिष्ठाता डॉ. एस. के. महाजन, डी.आर.एस. डॉ. जी.पी. लखानी, मुख्य सम्पदा अधिकारी डॉ. एस. कारमोरे, प्रक्षेत्र प्रभारी एवं एन.एस.एस. प्रभारी डॉ. सोना दुबे के साथ सहभागिता में मत्स्य कृषकों के साथ, तथा प्रक्षेत्र कर्मचारी वर्ग एवम् महाविद्यालय के छात्र छात्राओं के साथ सामूहिक रूप से पौधारोपण किया, माननीय कुलपति जी देशव्यापी अभियान एक पौधा मां के नाम को एक आवश्यक एवम् उत्कृष्ट पहल बताते हुए कहा की यह जनाग्रह प्रकृति के प्रति जागरुकता के साथ, जन मनोभाव में भी प्रेरणीय है, इसके माध्यम से सहज प्रयास में भी अच्छी जैव विविधता सहेजी जा सकती है, इसके लिए लगातार प्रयास किया जाना आवश्यक है, पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ. माधुरी शर्मा, डॉ. प्रीति मिश्रा, प्रबंधक श्री शिवमोहन सिंह, सत्येंद्र कटारा, अनिल केवट, प्रियंका गौतम, प्रतीक कुमार तिवारी सहित कर्मचारी वर्ग एवम् महाविद्यालय के छात्रगण उपस्थित रहे।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर